प्रो0 अनुराग त्रिपाठी
परीक्षा नियंत्रक

डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, उ0प्र0
(पूर्ववर्त्ती उत्तर प्रदेश प्राविधिक विश्वविद्यालय,लखनऊ)
सेक्टर-11, जानकीपुरम विस्तार, लखनऊ, उ0प्र0-226031

पत्रांक स० : ए०के०टी०यू०/प०नि०का०/2022/ 6250 दिनांकः 06 अक्टूबर, 2022

सेवा में,

निदेशक/प्राचार्य/समस्त परीक्षा केन्द्र/नोडल
डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ से सम्बद्ध समस्त संस्थायें।

विषयः **विश्वविद्यालय द्वारा सत्र 2021-22 के विषम एवं सम सेमेस्टर की अतिरिक्त कैरी ओवर परीक्षाओं में प्रतिभाग करने वाले छात्र/छात्राओं का प्रवेश पत्र जारी किये जाने तथा किन्ही कारणवश परीक्षा फार्म न भर पाने वाले छात्र/छात्राओं का मैन्युअल परीक्षा फार्म भरे जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक के सम्बन्ध में अवगत हो कि विश्वविद्यालय के शैक्षिक सत्र 2021-22 के विषम एवं सम सेमेस्टर की अतिरिक्त कैरी ओवर परीक्षायें दिनांक 07 अक्टूबर, 2022 से प्रदेश में स्थित विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित कराया जाना निर्धारित है।

उपरोक्त के सन्दर्भ में सूचित करना है कि अतिरिक्त कैरी ओवर परीक्षाओं में प्रतिभाग करने वाले छात्र/छात्राओं का **प्रवेश पत्र, वेरिफिकेशन कार्ड एवं परीक्षार्थियों की सूची इत्यादि संस्थान की ई0आर0पी0 लॉगिन तथा छात्र/छात्राओं का प्रवेश पत्र छात्र ई0आर0पी0 लॉगिन में उपलब्ध करा दिया गया है।** अतिरिक्त कैरी ओवर परीक्षा में प्रतिभाग करने वाले छात्र/छात्रायें की पात्र/अर्हता का सत्यापन करने हेतु समस्त संस्थायें अपने एक प्रतिनिधि को नामित करते हुए निर्धारित परीक्षा केन्द्र पर छात्र/छात्राओं की सुविधा हेतु परीक्षा कार्यो में सहयोग करने के लिए भेजने का कष्ट करें।

उक्त के अतिरिक्त यह भी अवगत कराना है कि विश्वविद्यालय द्वारा जारी पत्र संख्या ए0के0टी0यू0/प0नि0का0/2022/6172 दिनांक 07 सितम्बर, 2022, पत्र संख्या ए0के0टी0यू0/प0नि0का0/2022/6202 दिनांक 20 सितम्बर, 2022 एवं पत्र संख्या ए0के0टी0यू0/प0नि0का0/2022/6222 दिनांक 27 सितम्बर, 2022 के क्रम में **अतिरिक्त कैरी ओवर हेतु पात्र छात्र/छात्रायें जो किन्ही कारणों से परीक्षा फार्म नहीं भर सके, ऐसे सभी छात्र निर्धारित किये गये परीक्षा केन्द्र पर परीक्षा दिवस से एक दिन पूर्व पहुँच कर परीक्षा केन्द्र अधीक्षक से सम्पर्क करते हुए अर्हता स्थापित होने पर निर्धारित परीक्षा शुल्क के साथ मैन्युअल परीक्षा फार्म भरें, उसके पश्चात ही उनका मैन्युअल प्रवेश पत्र निर्गत किया जायेगा,** तदोपरान्त पात्र छात्र/छात्रायें उक्त परीक्षा में प्रतिभाग करना सुनिश्चित करेंगे।

अतः आपसे अनुरोध है कि उक्त से अवगत होते हुए आपके संस्थान में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं को सूचित करते हुए आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें तथा यह भी सूचित करे कि प्रवेश पत्र पर इंगित परीक्षा तिथि/परीक्षा कार्यक्रम ही अन्तिम होगा। संशोधित परीक्षा कार्यक्रम विश्वविद्यालय की बेवसाइट पर उपलब्ध है।

भवदीय

Anurag Tripathi 06/10/22
(प्रो0 अनुराग त्रिपाठी)
परीक्षा नियंत्रक

पृष्ठांकन संख्या व दिनांकः उपरोक्त।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रतिकुलपति/कुलसचिव/वित्त अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
2. समस्त अधिष्ठात/संयुक्त/उप परीक्षा नियंत्रक, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
3. प्रभारी ई0आर0पी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
4. जनसम्पर्क अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
5. स्टाफ आफिसर, कुलपति, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।

(प्रो0 अनुराग त्रिपाठी)
परीक्षा नियंत्रक